सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 28 OCTOBER TO 03 NOVEMBER 2022 • VOLUME-15 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863


**प्रेरणा**
रिश्तों का गलत इस्तेमाल
कभी मत करना,
अच्छे लोग जिंदगी में
बार बार नहीं आते...


INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE — CONSULTING | DESIGN | TRAINING

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply


# अब पुरुष और महिला क्रिकेटर्स को बराबर मैच फीस

## जय शाह ने सोशल मीडिया पर किया ऐतिहासिक ऐलान, बोले- नए युग की शुरूआत

**मुंबई.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला किया। बोर्ड ने महिला क्रिकेटरों का ध्यान रखते हुए मैच फीस को लेकर नई पॉलिसी लागू की है। अब महिला और पुरुष खिलाड़ियों को बराबर मैच फीस मिलेगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम महिला और पुरुष खिलाड़ियों के बीच भेदभाव को खत्म करने की ओर बढ़ रहे हैं।

जय शाह ने मैच फीस को लेकर लिए गए ऐतिहासिक फैसले का ऐलान सोशल मीडिया के जरिए किया। उन्होंने दो ट्वीट किए। इसमें बताया कि बीसीसीआई महिला खिलाड़ियों के लिए वेतन इक्विटी पॉलिसी लागू कर रही है। उन्होंने ट्वीट में लिखा, "मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि बीसीसीआई ने भेदभाव से निपटने की दिशा में पहला कदम उठा लिया है। हम महिला क्रिकेटर्स के लिए वेतन इक्विटी नीति लागू कर रहे हैं। पुरुष और महिला क्रिकेटरों दोनों के लिए मैच फीस समान होगी, क्योंकि हम क्रिकेट में लैंगिक समानता के एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं।"



• फोटो-बीसीसीआई

उन्होंने आगे लिखा, "महिला क्रिकेटरों को उनके पुरुष समकक्षों के समान मैच फीस का भुगतान किया जाएगा। टेस्ट मैच के लिए 15 लाख रुपये, वनडे के लिए 6 लाख रुपये और टी20 के लिए 3 लाख रुपये दिए जाएंगे। जय हिंद..."

अगर महिला खिलाड़ियों की अभी मिल रही मैच फीस की बात करें तो यह औसतन 20 हजार रुपये हैं। यह सीनियर महिला टीम की फीस है, जो कि पुरुष क्रिकेट में अंडर-19 के खिलाड़ियों के बराबर है जबकि सीनियर पुरुष टीम के खिलाड़ी हर रोज करीब 60 हजार रुपये की कमाई करते हैं। लिहाजा महिला और पुरुष टीम के खिलाड़ियों के बीच मैच फीस का भारी अंतर था। इसे अब खत्म कर दिया गया है।

# विभिन्न मीडिया इकाइयों के बीच अंतर-मीडिया संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता : एडीजी राजिंदर चौधरी



• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के सेक्टर 6 स्थित यूटी स्टेट गेस्ट हाउस में आज प्रेस सूचना ब्यूरो, चंडीगढ़ द्वारा इंटर-मीडिया प्रचार समन्वय समिति (आईएमपीसीसी) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त महानिदेशक (क्षेत्र) पीआईबी चंडीगढ़, राजिंदर चौधरी ने की। आईएमपीसीसी की बैठक सदस्यों को उनकी गतिविधियों और पहलों को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए बुलाई जाती है और यह सरकार को अपनी योजनाओं और गतिविधियों के प्रभाव को बढ़ाने में मदद करती है।

बैठक के दौरान राजिंदर चौधरी ने प्रेस सूचना ब्यूरो, चंडीगढ़ और केंद्रीय संचार ब्यूरो, चंडीगढ़ क्षेत्र के कामकाज पर प्रकाश डाला। चौधरी ने जोर देकर कहा कि इस क्षेत्र में सूचना और प्रसारण मंत्रालय, राज्य डीआईपीआर और केंद्र सरकार के विभागों की विभिन्न मीडिया इकाइयों के बीच अंतर-मीडिया संबंधों को मजबूत करने की एक आवश्यक आवश्यकता है। उन्होंने सार्थक जानकारी देने में विभागों के बीच सहयोग और बेहतर मीडिया एकीकरण और केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा शुरू की गई योजनाओं और पहलों के बेहतर मीडिया कवरेज को प्राप्त करने में तालमेल पर जोर दिया ताकि इसे जन-जन तक उनके लाभ के लिए पहुंचाया जा सके। प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट स्तर पर उनके विचारों की पुष्टि की तलाश करें। यह योजना उन समर्थकों के साथ जुड़ाव का भी समर्थन करती है जो ऐसे एमएसएमई को डिजाइन, रणनीति और निष्पादन में समर्थन देकर व्यवसाय के विस्तार में सलाह देंगे। संवादात्मक सत्र में राज्य में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए रोजगार सृजन निदेशालय, पंजाब सरकार द्वारा आयोजित कैरियर प्रदर्शनियों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। एक अन्य प्रमुख आकर्षण 'एकता सप्ताह' था, जिसके तहत, 31 अक्टूबर, 2022 को सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एनवाईकेएस द्वारा पूरे देश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जा रहा है।

# संपत्ति मालिकों को 15 दिनों में मिलेगी एनओसी

*तत्काल सुविधा के अंतर्गत 5 दिनों में एनओसी, वसीका नवीसों के नए लाईसेंस होंगे जारी*

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**



पंजाब के लोगों को संपत्ति की खरीद एवं बिक्री के दौरान होने वाले झगड़ों और मुकदमेबाज़ी से बचाने के लिए वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा और राजस्व मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने गुरूवार को एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान एन.ओ.सी प्रक्रिया को 21 दिनों से घटाकर काम-काज के 15 दिन करने का फ़ैसला लिया। यहाँ पंजाब भवन में हुई इस बैठक के दौरान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के सुझाव पर यह भी फ़ैसला लिया गया कि प्रवासी भारतियों और अन्य ऐसे व्यक्तियों जिनके पास समय की कमी होती है, की सुविधा के लिए तत्काल सुविधा के अंतर्गत एनओसी प्रक्रिया के लिए समय 5 दिन का होगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि इस सुविधा के अंतर्गत प्रवासी भारतीय या वह व्यक्ति जो इस सुविधा को जल्द हासिल करना चाहते हैं मामूली सी अधिक फीस अदा कर 5 दिनों में एनओसी हासिल कर सकेंगे।

इसी दौरान कैबिनेट मंत्रियों द्वारा एनओसी की ऑनलाइन प्रक्रिया पर नज़र रखने के लिए राजस्व विभाग के सब-रजिस्ट्रार को लॉगइन आईडी और पासवर्ड मुहैया करने का फ़ैसला किया गया, जिससे वह रजिस्टरी के मौके पर असली और नकली एनओसी का पता लगा सके। इससे नकली एनओसी के कारण हुई रजिस्टरी के मामलों में सम्बन्धित अधिकारी की ज़िम्मेदारी तय की जा सकेगी और धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध समय पर आपराधिक मामले दर्ज करने में भी सहायता मिलेगी। बैठक के दौरान लोगों की सुविधा के लिए वसीका नवीसां के नए लाइसेंस जारी करने का भी फ़ैसला किया गया।

# पीएम मोदी ने ब्रिटेन के नए पीएम ऋषि सुनक से की बात

**नई दिल्ली.** भारतीय मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद संभालने के साथ ही बधाईयों का दौर लगातार जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदोमीर जेलेंस्की तक सुनक से फोन पर बात की है। इसी तरह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 अक्टूबर को ऋषि सुनक से फोन पर बात की है जिसकी जानकारी खुद पीएम मोदी ने ट्विटर के माध्यम से दी है।



पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि ऋषि सुनक से बात कर खुशी हुई। हम अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। हम एक व्यापक और संतुलित एफटीए के शीघ्र निष्कर्ष के महत्व पर भी सहमत हुए। इससे पहले दिवाली के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के पीएम के रूप में कार्यभार संभालने के लिए ऋषि सनक को अपना बधाई संदेश ट्वीट किया था।

## अब तक हजारों की जानें जा चुकीं हैं इन ओवरलोडेड वाहनों के कारण...

# सड़क सुरक्षा के सारे नियमों की धज्जियां उड़ा रहे ओवरलोडेड वाहन






## क्या ट्रांसपोर्ट मंत्री भी ट्रांसपोर्ट माफिया के साथ लिप्त है ?

### पिछले 6 महीने से ट्रांसपोर्ट मंत्री द्वारा चुप्पी, दाल में कुछ काला लगता है, जांच का विषय

• जालंधर ब्रीज. विशेष रिपोर्टर

पंजाब में पिछले 6 महीनों में आम आदमी पार्टी की सरकार रोड सेफ्टी के नियमों को ज़मीनी स्तर पर लागू करवाने में विफल साबित हुई है और इस बात का पुख्ता प्रमाण हर रोज राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर धड़ल्ले से चल रहे ओवरलोडेड वाहन खुलेआम दे रहे हैं।

एक तरफ सरकार लोगों को विदेशों में जाने से रोकने के लिए रोजगार देने की बात कर रही है परन्तु लोग सड़क दुर्घटनाओं में जा रही बहुमूल्य जानों को लेकर अपने परिवार

ट्रांसपोर्ट विभाग

के प्रति चिंतित नज़र आ रहे हैं। सत्ता पर काबिज रही पिछली सरकारें भी ट्रांसपोर्ट माफिया पर नकेल कसने में असफल रही थी। जिस कारण पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी को 92 सीटों से जिताकर उनकी सरकार बनवाई थी। परन्तु इस सरकार में कार्य कर रहे ट्रांसपोर्ट मंत्री भी माफियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। जिसका मुख्य कारण कई रसूखदार लोग और पुलिस प्रशासन से जुड़े अधिकारियों की इन्वेस्टमेंट इस बिजनेस में है। इस विभाग में कार्य कर रहे कर्मचारी अपने आकाओं को कोसते नज़र आते हैं और उनके द्वारा कहा जाता है कि वह

पड़ते थे लेकिन अब तो सरकार में मुख्यमंत्री और मंत्री अक्सर कहते रहते हैं कि ट्रांसफर, पोस्टिंग में अब किसी भी तरह का पैसा नहीं लगता फिर क्या कारण है कि ट्रांसपोर्ट मंत्री सख्त नियम होने के बावजूद भी लोगों को मौत के मुँह में धकेल रहे हैं।

गौरतलब है कि ट्रांसपोर्ट मंत्री की एक वीडियो भी वायरल हुई थी जिसमें उन्होंने ट्रैफिक नियमों को तोड़कर सुरक्षा कर्मियों की जान को खतरे में डाला

पहुंचाने के लिए इन माफियाओं से महीने लेने

सकता।

ओवरलोड वाहन

गैंगस्टर सुपारी लेकर, भ्रष्ट अधिकारी बिन मांगे देते हैं मौत

ट्रांसपोर्ट मंत्री के आदेशों की परवाह नहीं करते अधिकारी

ट्रांसपोर्ट व ट्रैफिक पुलिस विभाग

अगर मंत्री ही नियम तोड़ेंगे तो लोग इसको

साथ हादसा होने के बाद हरकत में आएंगे।

**जालंधर ब्रीज के पिछले अंक में प्रकाशित खबर की कटिंग**

• **जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्टर

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को आये 7 महीने से ज्यादा का समय हो चला है परन्तु उनके द्वारा किसानों को पराली न जलाने के लिए किए गए प्रयास विफल साबित हुए हैं। जिस कारण पंजाब के साथ लगते अन्य राज्यों में भी प्रदूषण के कारण एयर क्वालिटी इंडेक्स में काफी बढ़ोतरी हुई है। जो लोगों की सेहत के लिए हानिकारक बनी हुई है।

वहीं दूसरी तरफ मंडियों से धान लेकर जा रहे ट्रक भी सड़क सुरक्षा के सारे नियम तोड़ कर अपने वाहनों को धड़ल्ले से ओवरलोड करके साथ चल रहे वाहन चालकों की जान को खतरे में डाल रहे हैं।

पंजाब में पिछले काफी समय से ओवरलोडेड वाहनों के कारण अनेकों दुर्घटनाएं होने से कई बहुमूल्य लोग अपनी जिंदगी गंवा चुके हैं और प्रशासन में बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों को इस बाबत सब कुछ पता होने के बावजूद भी सड़क किनारे खड़े और राष्ट्रीय राजमार्गों पर चल रहे ओवरलोडेड वाहनों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

जिक्रयोग्य है कि देश में जब आम आदमी दुर्घटना का शिकार होता है तो इन वाहन चालकों के ऊपर मामूली कानूनी धाराएं लगा कर कुछ ही दिनों बाद छोड़ दिया जाता है और अगर इसी तरह के हादसे में कोई खास आदमी या प्रशासन का कोई अधिकारी या उनका रिश्तेदार की मौत हो जाए तब वही अधिकारी उस वाहन चालक के ऊपर संगीन धाराओं के तहत केस दर्ज करते हैं।

गौरतलब है कि देश में ओवरलोडेड वाहनों को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा सख्त नियम बनाए गए हैं। परन्तु उसे लागू करने के लिए संबंधित विभाग लोगों को अधिकारियों की कमी का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं और सारा दोष सरकार के ऊपर डाल देते हैं।

वहीं राष्ट्रीय राजमार्गों पर करोड़ों रुपए का टोल वसूलने वाली कंपनियां भी ओवरलोडेड वाहनों को टोल पर नहीं रोकती और वहां बैठे टोल कर्मचारी भी इनके साथ सेटिंग करके इन्हें वहां से निकलने में मदद करते हैं।

हालांकि टोल से निकलते समय नेशनल हाईवे विभाग द्वारा ट्रकों के लिए कई सख्त नियम बनाए गए हैं जिस पर वह ओवरलोड करके अपना वाहन वहां से लेकर नहीं जा सकते। अब आने वाले समय में देखना होगा कि ट्रांसपोर्ट मंत्री इस विभाग में ओवरलोडेड वाहनों को रोकने के प्रति कितने चिंतित नज़र आते हैं या पिछली सरकारों की तरह ट्रांसपोर्ट माफियों के साथ मिलकर काम करते नज़र आएंगे। जिस पर यह कहना गलत नहीं होगा कि अपना काम बनता भांड़ में जाए जनता।

# क्या आपका दिल भी ढूंढ रहा है फुर्सत के रात-दिन, कम बजट में इन जगहों पर घूम आएं

***कभी-कभी रूटीन वर्क को करते-करते बोरियत महसूस होने लग जाती है। हम फिजिकली ही नहीं बल्कि मेंटली भी थकने लग जाते हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि हम ब्रेक लें।***

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

दिल ढूंढता है फिर वही, फुर्सत के रात-दिन... आपने यह गाना तो जरूर सुना होगा। कभी-कभी हमारे मन की फीलिंग भी कुछ ऐसी ही होती है। हम डेली रूटीन लाइफ से इतना बोर हो जाते हैं कि हमें ब्रेक की जरूरत महसूस होने लग जाती है। ऐसे में सबसे बड़ा चैलेंज होता है, जब हमारा मन महीने के आखिरी में कहीं जाने का मन करता बजट लिमिटेड होता है। ऐसे में आप अपने मन को मारने से अच्छा एक शॉर्ट या वीकेंड ट्रिप तो प्लान कर सकते हैं। आप अगर दिल्ली या आसपास की जगहों पर रहते हैं, तो आप 5000 रुपए के बजट में कुछ जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**ऋषिकेश, उत्तराखंड :** आपको अगर पानी से प्यार है, तो आप ऋषिकेश निकल जाइए। आपको यहां पर धार्मिक वातावरण के साथ यहां एडवेंचर स्पोर्ट्स भी मिलेंगे। प्राचीन मंदिर, रेस्टोरेंट और शॉपिंग के लिए काफी नई जगहों के साथ आप यहां सिर्फ यूं ही घूमने भी निकल जाएंगे, तो आपको काफी अच्छा महसूस होगा। आपका मन करे, तो आप यहां से टैक्सी या बस करके आगे नीलकंठ मंदिर भी जा सकते हैं।

**कसौल, हिमाचल प्रदेश :** आपको अगर हिप्पी स्टाइल बार, रेस्टोरेंट या गोवा वाइब्स के साथ मैच करती हुई जगह की तलाश है, तो आपके लिए कसौल सबसे बेस्ट जगह है। दिल्ली से यहां पहुंचने तक के लिए आपको रात भर का सफर करना होगा। यहां बस से आना आपको सस्ता पड़ेगा। आप चाहें, तो बाइक भी रेंट पर ले सकते हैं। यहां की खूबसूरती आपका दिल जीत लेगी।

**लैंसडाउन, उत्तराखंड :** आप अगर हिल स्टेशन्स में शांति की प्लानिंग कर रहे हैं, तो लैंसडाउन सबसे अच्छी जगह है। आप कोटद्वार पहुंचकर यहां से टैक्सी, बस या फिर बाइक से आगे लैंसडाउन पहुंच सकते हैं। यहां की खूबसूरती आपका मन मोह लेगी। यहां दूसरे हिल स्टेशन्स के मुकाबले आपको यहां ज्यादा शांति मिलेगी।

**जयपुर, राजस्थान :** देश की ऐतिहासिक जगहों में से एक है जयपुर। यहां आपको पुराने किले, हवेलियां और बहुत कुछ ऐसा मिलेगा, जो आपने कभी भी एक्सपीरियंस नहीं किया होगा। यहां पर आकर आप लोकल शॉपिंग भी जरूर करें। स्ट्रीट फूड का भी अच्छा ऑप्शन है। आप यहां ट्रेन या बस से आ सकते हैं। स्टे करने के लिए आपको अपने बजट के हिसाब से होटल भी मिल जाएगा।

**वृंदावन, उत्तर प्रदेश :** आप अगर बार, रेस्टोरेंट या पार्टी से दूर कुछ दिन आस्था और शांति के साथ गुजारना चाहते हैं, तो आपको कृष्ण की नगरी में घूमकर आना चाहिए। यहां आपको कई प्राचीन मंदिरों के अलावा कई स्ट्रीट फूड भी चखने को मिलेंगे। साथ ही आसपास की जगहों पर पूरी तरह ग्रामीण परिवेश देखने को मिलेगा।





## FASSION+

# गौरी खान ने कॉफी विद करण के लेटेस्ट एपिसोड में पहने इतने महंगे कपड़े, जितने में हो जाएगी फ्रेंड्स के साथ 7-8 बर्थडे पार्टीज

***हाल ही में गौरी खान कॉफी विद करण के 7वें सीजन के लेटेस्ट एपिसोड में नजर आईं। इस टॉक शो में गौरी खान के साथ माहीप कपूर और भावना पांडे भी नजर आईं।***





गौरी खान को ज्यादातर लोग शाहरुख खान की पत्नी की रूप में जानते हैं लेकिन गौरी प्रोफेशन से इंटीरियर डिजाइनर रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की को फांउडर भी हैं। हाल ही में गौरी खान कॉफी विद करण के 7वें सीजन के लेटेस्ट एपिसोड में नजर आईं। इस टॉक शो में गौरी खान के साथ माहीप कपूर और भावना पांडे भी नजर आईं। शो में गौरी खान ने कई सवालों के जवाब दिए। आमतौर पर पब्लिकली बहुत कम नजर आने वाली गौरी खान इस शो में काफी स्टाइलिश लग रही थीं। उनके इस रिफ्रेशिंग लुक को फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं।

**गौरी एलिगेंट फॉर्मल लुक :** गौरी ज्यादातर मौकों पर एलिगेंट आउटफिट्स पहनना पसंद करती हैं। इस बार गौरी के आउटफिट को देखकर फॉर्मल वाइब्स आ रही थी। उन्होंने पिंक क्रॉप्ड चेकर्ड ब्लेजर को मिनी पैंसिल स्कर्ट के साथ टीमअप किया था। इसके साथ गौरी ने लेसी ब्लैक टॉप पहना था। इसके साथ गौरी ने ब्लैक क्रिश्चियन लॉबाउटिन हील्स ने पहनकर अपने लुक को कम्पलीट किया था। मेकअप की बात करें, तो काजल, मस्कारा लगाकर गौरी ने अपनी खूबसूरत आंखों को हाइलाइट किया था। न्यूड शेड लिपस्टिक में गौरी बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं। वहीं, हेयर स्टाइल की बात करें, तो नेचुरल वेवी लॉक्स में गौरी काफी खूबसूरत नजर आ रही थीं।



**इतना महंगा है आउटफिट :** गौरी खान का को-ऑर्ड आउटफिट एलिगेंट फॉर्मल ऑफिस पार्टी के लिए भी अच्छा ऑप्शन है। उनका यह एलिगेंट आउटफिट एलेसेंड्रा रिच ब्रैंड का है। जबकि ब्लेजर, जिसे टार्टन सेक्विन ट्वीड क्रॉप्ड जैकेट भी बोलते हैं, इस नाम से ऑफिशियल वेबसाइट पर यह ब्लेजर 1,93,800 रुपए में उपलब्ध है जबकि मैचिंग स्कर्ट की कीमत 96,900 रुपए है। कुल मिलाकर स्टाइलिश को-ऑर्ड सेट की कीमत 2,90,700 रुपए है।



# हांडी पनीर को इस रेसिपी से बनाएंगे तो बढ़ जाएगा इस सब्जी का स्वाद

जल्दी तैयार होने वाली यह रेसिपी स्वाद से भरपूर होती है। हांडी पनीर बच्चों को जरूर पसंद आएगी। भाई दूज पर आप यह रेसिपी ट्राई कर सकते हैं। आपके भाई को यह डिश जरूर पसंद आएगी।



हांडी पनीर की रेसिपी बहुत आसान है। इसे बनाने के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं है। जल्दी तैयार होने वाली यह रेसिपी स्वाद से भरपूर होती है। हांडी पनीर बच्चों को जरूर पसंद आएगी। आप बटर पनीर, शाही पनीर, मसाला पनीर और मटर पनीर तो अक्सर खाते होंगे लेकिन हांडी पनीर जरूर बनाकर देखें।

**हांडी पनीर बनाने के लिए सामग्री**

√ मलाई पनीर
√ प्याज
√ टमाटर
√ अदरक लहसुन पेस्ट
√ हरा धनिया
√ गरम मसाला
√ धनिया पाउडर
√ लाल मिर्च
√ हल्दी
√ नमक
√ तेल/घी

**हांडी पनीर बनाने की विधि**

इस रेसिपी को बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में तेल गरम करें। अब इसमें बारीक कटे हुए प्याज डालें। इसे गोल्डन ब्राउन होने तक भूनें। आप इसे अच्छी तरह मिक्सी में पीस भी सकते हैं। अब इसमें अदरक-लहसुन पेस्ट डालकर भूनें। अब इसमें टमाटर डालकर भून लें। आपको टमाटर प्यूरी बनाकर भूननी है।

इन सभी चीजों को अच्छी तरह भूनने के बाद इसमें हल्दी, नमक, लाल मिर्च पाउडर, धनिया और गरम मसाला डालकर अच्छी तरह भून लें। अब इसे 10 मिनट के लिए अच्छी तरह पकाएं। अब इसमें तीन-चार चम्मच दही डालकर इसे पकाएं। अब आपको इसमें पनीर के 6-7 टुकड़े मसलकर डालने हैं। अच्छी तरह पकाएं। अब इसमें मलाई पनीर डालकर चलाएं। लास्ट में हरा धनिया डालकर सर्व करें। आप इसका स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें काली मिर्च पाउडर और चाट मसाला भी ट्राई कर सकते हैं। जैसा कि इसका नाम हांडी पनीर है, तो आप इसे हांडी में स्लो आंच पर पकाएं इससे इस डिश का स्वाद और भी बढ़ जाता है।

# 50 सालों से नहाना छोड़ने वाले दुनिया के सबसे 'गंदे' आदमी का क्या था फेवरेट खाना

***दुनिया का सबसे 'गंदा' आदमी माने जाने वाला व्यक्ति शायद ऐसा नहीं सोचता था। हाल ही में ईरान के निवासी अमौ हाजी का 94 साल की उम्र में निधन हो गया।***



## DIRTY MAN

सोचिए! अगर आप एक या दो दिन नहीं नहाते तो क्या होता है? आपको बहुत ही गंदा फील होने लगता है। शरीर से बदबू आने लग जाती है और पसीनों से आपको बैचेनी होने लगती है। जब 2-3 दिन में ही व्यक्ति का ऐसा हाल होने लगता है, तो सोचिए 50 साल न नहाने पर किसी को कैसे लगता होगा? दुनिया का सबसे 'गंदा' आदमी माने जाने वाला व्यक्ति शायद ऐसा नहीं सोचता था। हाल ही में ईरान के निवासी अमौ हाजी का 94 साल की उम्र में निधन हो गया। हाजी ईरान के दक्षिणी प्रांत फारस में रहते थे। माना जाता है कि उन्होंने 50 साल बिना नहाए गुजार दिए थे। इस लम्बे अरसे के दौरान कई लोगों ने उन्हें नहलाने की बहुत कोशिश की, लेकिन उन्होंने साफ इंकार कर दिया। आइए, जानते हैं दुनिया के सबसे 'गंदे' आदमी के बारे में कुछ खास बातें-

**इस वजह से नहाना छोड़ दिया?**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो अमौ के बचपन में कुछ ऐसा हादसा हुआ था, जिसकी वजह से उनका विश्वास नहाने पर से उठ गया था। उन्हें लगता था कि अगर वे नहाएंगे, तो उनकी मौत हो जाएगी। इसी कारण से अमौ का मन कभी भी नहाने का नहीं किया। 50 सालों से न नहाने के कारण उनके शरीर पर मैल, धूल-मिट्टी और गंदगी की मोटी परत जम गई थी। उनके शरीर से बदबू भी आती थी।

**खाने में क्या पसंद था**

अमौ की खाने-पीने की पसंद सुनकर शायद आपको उल्टी आ सकती है। 2014 में तेहरान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में हाजी ने बताया था कि उसका पसंदीदा खाना पॉर्क्यूपाइन है। अमौ सड़क किनारे मरे हुए जानवरों का मांस खाते थे और खूब सारा गंदा पानी पीते थे।

# वेट लॉस ही नहीं त्वचा पर निखार भी लाता है धनिया के पत्ते का पानी

***आप अगर अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं या फिर त्वचा से गायब होते निखार ने उड़ा दी है आपकी रातों की नींद, तो रोजाना सुबह अपनी डाइट में शामिल करें धनिया पत्ती का उबला***




धनिया पत्ती से गर्निश कि हुई कोई भी डिश न सिर्फ देखने में बेहद टेस्टी लगती है बल्कि यह आपकी पाचन शक्ति को बढ़ाकर पेट से जुड़ी कई समस्याओं को भी दूर रखने में मदद करती है। धनिया के पानी में पोटैशयिम, कैल्शियम, विटामिन सी और मैग्नीजियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो व्यक्ति को कई रोगों से दूर रखने में मदद करते हैं। ऐसे में आप अगर अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं या फिर त्वचा से गायब होते निखार ने उड़ा दी है आपकी रातों की नींद, तो रोजाना सुबह अपनी डाइट में शामिल करें धनिया पत्ती का उबला हुआ पानी।

**धनिया पत्ती पानी में उबालकर पीने के फायदे**

**पाचन क्रिया में सुधार :** धनिया पत्तियों में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं जो पाचन क्रिया में सुधार करके व्यक्ति को कब्ज की समस्या से छुटकारा दिलाने और पाचन को सुचारु करने में मदद करते हैं।

**लिवर करे डिटॉक्स :** धनिया पत्ती के पानी को एक बेहतरीन डिटॉक्स ड्रिंक माना जाता है, क्योंकि यह शरीर में जमा गंदगी, अपशिष्ट पदार्थों, टॉक्सिन्स को हमारे शरीर से बाहर निकालने में मदद करते हैं। यह लिवर को साफ करते हैं और रक्त को भी शुद्ध करते हैं।

**वेट कंट्रोल :** अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो धनिया पत्ती नहीं बल्कि तीन बड़े चम्मच धनिये के बीज एक गिलास पानी में उबालें। जब पानी आधे से कम हो जाए तो इसे छान लीजिए। इस पानी को रोजाना दो बार पीने से वजन घटने लगेगा।

**त्वचा को बनाएं ग्लोइंग :** धनिया पत्ती का पानी रक्त को डिटॉक्सिफाई कर त्वचा की कई समस्याओं को दूर करता है। यह त्वचा पर मौजूद कील-मुंहासे और उनके जिद्दी निशानों को साफ करने में मदद गार है। यह ब्लैकहेड्स साफ और एजिंग के लक्षणों को कम करने में भी मदद करता है।



**मेटाबॉलिज्म बूस्ट :** धनिया पत्ती का उबला हुआ पानी पीने से पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और पेट लंबे समय तक भरे होने का अहसास करता है। जिससे व्यक्ति को ज्यादा खाना खाने की क्रेविंग नहीं होती और आंतों को खाना पचाने के लिए भी पर्याप्त समय मिल जाता है।

**तुरंत दूर होती है थकान :** धनिया पत्ती का उबला हुआ पानी पीने से व्यक्ति की थकान तुरंत दूर होती है। इन पत्तियों में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पार्किंसंस, अल्जाइमर और मल्टीपल स्केलेरोसिस सहित मस्तिष्क की कई बीमारियों से निजात पाने में मदद करते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर और दिमाग को तनाव मुक्त रखने में भी मदद करते हैं।

## फिर राजनीति में लौटेंगी ऐक्टर राम्या? सोनिया गांधी की जमकर की तारीफ

*ऐक्टर राम्या ने सोनिया गांधी की तारीफ करते हुए कहा कि वह भारत में रहने वाले बहुत सारे लोगों से ज्यादा भारतीय हैं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह फिर से राजनीति में किस्मत आजमा सकती हैं।*



• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

पूर्व सांसद और ऐक्टर राम्या ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी भारत में रहने वाले बहुत सारे लोगों से ज्यादा भारतीय हैं। बता दें कि राम्या का असल नाम दिव्या स्पंदन हैं। कुछ दिनों से वह राजनीति से दूर थीं लेकिन हाल ही में वह भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल हुई थीं। अनुमान है कि वह फिर से कर्नाटक की राजनीति में किस्मत आजमा सकती हैं।

एक ट्टीट करके उन्होंने सोनिया गांधी के बारे में यह कहा था। बता दें कि कांग्रेस कि अध्यक्ष रहते हुए विपक्ष कई बार उनके इटली से होने को लेकर तंज कसता रहता था। दिव्या स्पंदन ने कांग्रेस के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर मल्लिकार्जुन खड़गे जी को बधाई। उन्होंने अपने ट्वीट में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक और कंतारा फिल्म को भी शुभकामनाएं दीं।

बता दें कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला है। उन्होंने राजधानी दिल्ली स्थित कांग्रेस के मुख्यालय में औपचारिक रूप से कामकाज शुरू किया। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव अधिकारी मधुसूदन मिस्त्री ने उन्हें पार्टी के शीर्ष पद का प्रमाणपत्र सौंपा। खड़गे ने पहले ही भाषण में ऐलान कर दिया है कि पार्टी में कम से कम आधे पदाधिकारी ऐसे होंगे जिनकी उम्र 50 साल से कम होगी। इस मौके पर पार्टी मुख्यालय में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद थीं। बात करें राम्या की तो वह लंबे समय तक कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी भी रह चुकी हैं। 2013 में वह उपचुनाव जीतकर कर्नाटक के मंड्या से सांसद बनी थीं। हालांकि एक साल बाद हुए आम चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने राजनीति छोड़ने का ऐलान कर दिया था।



# रेल कोच फैक्ट्री में केंद्रीय राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने नियुक्ति पत्र किये वितरित

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

केंद्र सरकार की 10 लाख नौकरियों के लिए भर्ती अभियान “रोजगार मेला” का पहला चरण प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर में स्थित 50 केंद्रों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लॉन्च किया गया। समारोह के दौरान, 75,000 से अधिक नवनियुक्त व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भी इन नव नियुक्त व्यक्तियों को वर्चुअल मोड के माध्यम से संबोधित किया और उन्हें सेवा की भावना से कार्य करने का आग्रह किया। रोजगार मेला युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और नागरिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रधान मंत्री की निरंतर प्रतिबद्धता को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार सभी मंत्रालय एवं विभाग इस मिशन मोड में स्वीकृत पदों के विरूद्ध विद्यमान रिक्तियों को भरने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।




पंजाब में यह मेगा इवेंट रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला और पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स, पटियाला में आयोजित किया गया था। आर सी एफ कपूरथला में आयोजित “रोजगार मेला” के दौरान केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने पंजाब और आस-पास के इलाकों से नए भर्ती हुए लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे। इन नवनियुक्त लोगों को ई एस आई सी, डाक विभाग, बी एस एफ और विभिन्न राष्ट्रीय बैंकों में नियुक्ति दी गई है।

ये भर्तियां केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा स्वयं और यू पी एस सी, एस एस सी, रेलवे भर्ती बोर्ड जैसी भर्ती एजेंसियों के माध्यम से की जा रही हैं। शीघ्र भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया को सरल और तकनीकी रूप से कुशल बनाया गया है। इस अवसर परआर सी एफ कपूरथला में एकत्र हुए नवनियुक्त युवक-युवतियों में खासा उत्साह देखने को मिला और वह सेल्फी क्लिक करते और इंटरव्यू देते नजर आए। उन्होंने नियुक्ति मिलने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया॥

# नेहरु युवा केन्द्र संगठन, हरियाणा युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय, भारत सरकार का स्वच्छ भारत 2.0 अभियान

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

युवा कार्यक्रम एंव खेल मन्त्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत नेहरु युवा केन्द्र संगठन द्वारा दिनांक 01 अक्तुबर से 31 अक्तुबर 2022 तक स्वच्छ भारत 2.0 अभियान सम्पूर्ण भारत चलाया जा रहा है और इसी सन्दर्भ में दिनाक 21.10.2022 राज्य कार्यालय हरियाणा में प्रैस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नेहरु युवा केन्द्र संगठन, हरियाणा की राज्य निदेशका मधु चौधरी ने प्रैस मीडिया को बताया कि नेहरु युवा केन्द्र संगठन हरियाणा आजादी का अमृत महोत्सव उत्सव के क्रम में 01 से 31 अक्तुबर 2022 स्वच्छ भारत 2.0 अभियान के एक भाग के रूप में हरियाणा के सभी 22 जिलों में स्वच्छता अभियान चलाया रहा है।

उन्होंने बताया कि माननीय प्रधान मन्त्री के पंच प्रण के संदेश को आगे बढाते हुए इस अभियान का उदेश्य भारत के नागरिको को न केवल अपने घरो और आसपास की




सफाई करके बल्कि सभी नफरत, संदेह और अन्य नकारात्मक विचारों के दिमाग को साफ करके अमृत काल के लिए तैयार करना है उन्होने बताया कि नेहरु युवा केन्द्र संगठन द्वारा यह अभियान हरियाणा राज्य के 22 जिलो के 6862 गावों में चलाया जा रहा है और अभी तक हरियाणा के सभी जिला नेहरु द्वारा एन०एस०एस०, एन०सी०सी०, शिक्षण संस्थान, जिला प्रशासन के सहयोग से युवा युवा केन्द्रो मण्डलों के सदस्यों एंव स्वयसेवको द्वारा 287987 किलो एकल प्रयोग प्लास्टिक एंव कचरा एकत्रित कर 285227 किलों का निपटान किया गया।

उपनिदेशक डा० जी० एस० बाजवा द्वारा बताया गया कि हरियाणा राज्य के 22 जिलों में 19.10.2022 को मेगा स्वच्छता अभियान का भी आयोजन किया और दिनाक 31 अक्तुबर 2022 को लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर मेगा श्रम दान कर स्वच्छ भारत 20 अभियान कार्यक्रम का समापन किया जाएगा ।

# बाइडन के ऐसा बोलने से तिलमिला जाएगा रूस; न्यूक्लियर अटैक पर खुली चेतावनी

*बाइडन ने कहा, "मैं आपको इस बात की गारंटी नहीं देता हूं कि यह वास्तविकता को छिपाने के लिए चलाया गया कोई अभियान है या नहीं। मुझे नहीं पता, लेकिन यह बड़ी भूल होगी।"*

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस को यूक्रेन में परमाणु हथियारों (न्यूक्लियर अटैक) का इस्तेमाल करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि यह अत्यंत गंभीर गलती होगी। बाइडन की यह खुली चेतावनी यकीनन रूसी राष्ट्रपति पुतिन को पसंद नहीं आएगी। बाइडन प्रशासन ने पहले कहा था कि रूस ने नोटिस दिया है कि उसका अपनी परमाणु क्षमताओं का नियमित अभ्यास करने का इरादा है। इससे पहले, यूक्रेन की परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने रूस के इस दावे को खारिज किया कि कीव रेडियोधर्मी उपकरण तथाकथित डर्टी बम के जरिए उसे उकसाने की कोशिश कर रहा है।

यूक्रेन ने कहा कि रूसी सेना अपने कब्जे वाले यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में गुप्त रूप से निर्माण कार्य कर रही है और अपनी गतिविधि से ध्यान हटाने के लिए वह यूक्रेन पर आरोप लगा रही है। बाइडन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, ''मैं यह कहना चाहता हूं कि यदि रूस सामरिक परमाणु हथियार का इस्तेमाल करता है, तो यह अत्यंत गंभीर गलती होगी।''

अमेरिका के राष्ट्रपति से सवाल किया गया था



कि क्या रूस 'डर्टी बम' या परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा है। बाइडन ने कहा, ''मैं आपको इस बात की गारंटी नहीं देता हूं कि यह वास्तविकता को छिपाने के लिए चलाया गया कोई अभियान है या नहीं। मुझे नहीं पता, लेकिन यह बड़ी भूल होगी।'' व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन ज्यां पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपनी बात स्पष्ट रूप से कही।

'रूस की होगी बड़ी गलती, गंभीर परिणाम होंगे'

उन्होंने कहा, ''उन्होंने आज फिर से यह कहा। यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना रूस की बड़ी गलती होगी और इसके गंभीर परिणाम होंगे। जहां तक 'डर्टी बम' के संभावित इस्तेमाल की बात है, तो देखिए, रूस साफ तौर पर झूठे आरोप लगा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हमें इसे गंभीरता से लेना चाहिए... हमने अतीत में भी रूस को आरोप लगाने की आड़ में उकसावे की कार्रवाई करते देखा है।'' पियरे ने कहा कि अमेरिका ने रूस को इस दिशा में कोई तैयारी करते नहीं पाया है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वह हालात की अत्यंत निकटता से निगरानी करना जारी रखेगा।

**आठ महीने से जारी यूक्रेन-रूस युद्ध :** रूस और यूक्रेन के बीच पिछले आठ महीने से युद्ध जारी है। इस दौरान रूस ने यूक्रेन पर मिसाइलों से कई हमले किए हैं, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई। इसके अलावा, यूक्रेन की इमारतों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। एक बड़ा हिस्सा बिना बिजली के रह रहा है। रूस ने पिछले दिनों हमलों में उस समय बढ़ोतरी कर दी थी, जब क्रीमिया को जोड़ने वाले पुल के एक हिस्से को कथित तौर पर यूक्रेन ने विस्फोट से उड़ा दिया था। उधर, अमेरिका समेत कई देश रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगा चुके हैं।

## नोट पर हो लक्ष्मी और गणेश जी की फोटो, केजरीवाल की पीएम मोदी से अपील

*आप के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने देश की तरक्की के लिए जरूरी बताते हुए केंद्र सरकार से अपील की है कि भारतीय करेंसी पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर हो।*



• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय करेंसी पर लक्ष्मी और गणेश जी की फोटो लगाने की मांग की है। उन्होंने अर्थव्यवस्था की बेहतर स्थिति और देश को विकसित बनाने के लिए 'देवी-देवताओं के आशीर्वाद' की जरूरत बताते हुए ऐसा कहा है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि नोट के एक तरफ गांधी जी की तस्वीर रहने दी जाए और दूसरी तरफ लक्ष्मी-गणेश की फोटो हो। वह इसके लिए पीएम मोदी को लेटर भी लिखने जा रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दिवाली की रात पूजा करते समय उनके मन में यह विचार आया। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी कई लोगों से बातचीत हुई है और इस पर किसी को ऐतराज नहीं होना चाहिए। डॉलर के मुकाबले रुपए की कमजोरी का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि कोशिशें तब कामयाब होती हैं जब देवी-देवताओं का आशीर्वाद साथ हो। अरविंद केजरीवाल ने कहा, ''हम सब चाहते हैं कि भारत अमीर देश बने और हर भारतवाशी अमीर परिवार बने। इसके लिए बहुत सारे कदम उठाने की जरूरत है। हमें बड़ी संख्या में स्कूल खोलने हैं, अस्पताल बनाने हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है। लेकिन कोशिश तभी कामयाब होगी जब हमारे ऊपर देवी देवताओं का आशीर्वाद होता है।

केजरीवाल ने कहा, ''परसों दिवाली थी, हम सब ने श्रीगणेश जी और लक्ष्मी जी की पूजा की। हमने सुख शांति की प्रार्थना की। हम यह भी देखते हैं कि जितने व्यापारी हैं, सब लोग अपने यहां जरूर लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्ति लगाकर रखते हैं। रोज सुबह काम शुरू करने से पहले उनकी पूजा करते हैं। आज मेरी केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री से अपील है कि भारतीय करेंसी पर एक तरफ गांधी जी की तस्वीर है वह ऐसे ही रहनी चाहिए दूसरी तरफ गणेश जी की और लक्ष्मी जी की तस्वीर लगाई जाए। जैसा मैंने कहा कि हमें अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए बहुत प्रयास की जरूरत है, लेकिन उसके साथ देवी-देवताओं के आशीर्वाद की जरूरत है। मैं 130 करोड़ लोगों की तरफ से पीएम से अपील करता हूं कि भारतीय करेंसी पर लक्ष्मी जी और गणेश जी की तस्वीर लगाई जाए।''

# हिंदुत्व वाली छवि पर ऋषि सुनक ने फिर लगाई मुहर, हाथ में कलावा बांध दिया पहला भाषण

**प्रधानमंत्री बनने के बाद ऋषि सुनक ने वादा किया कि वह संकटग्रस्त देश की जरूरतों को राजनीति से ऊपर रखेंगे और अपनी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा की गई गलतियों को सुधारेंगे।**

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

भारतवंशी ऋषि सुनक ने मंगलवार को ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी हिंदुत्व वाली छवि को और पुख्ता कर दिया। सुनक जब वह प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अधिकारियों के साथ बैठक करने पहुंचे तो उनके हाथों पर कलावा बंधा हुआ था, जो कि हिंदू धर्म के प्रतीक चिन्हों में से एक है। उनकी यह तस्वीर वायरल हो चुकी है।

आपको बता दें कि प्रधानमंत्री बनने के बाद ऋषि सुनक ने वादा किया कि वह संकटग्रस्त देश की जरूरतों को राजनीति से ऊपर रखेंगे और अपनी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा की गई गलतियों को सुधारेंगे। सुनक को दिवाली के दिन कंजर्वेटिव पार्टी का निर्विरोध नया नेता चुना गया था।

ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक धर्म से हिंदू हैं और वह पिछले 210 साल में ब्रिटेन के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं। पेशे से बैंकर रहे सुनक ने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर अपने पहले संबोधन में कहा कि उन्होंने ऐसे समय में कार्यभार संभाला है जब ब्रिटेन गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह इन चुनौतियों का सामना करने में सफल होंगे।

**ऋषि सुनक को ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर योगी ने दी बधाई :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ ने भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक ऋषि सुनक को ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा, ''ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर ऋषि सुनक जी आपको बधाई और शुभकामनाएं। आपकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर दुनिया भर के भारतीयों को गर्व की अनुभूति हो रही है।



आपके नेतृत्व में भारत ब्रिटेन रिश्तों का एक नया स्वर्णिम युग शुरू होगा।''

**हिजाब पहनने वाली लड़की बनेगी भारत की प्रधानमंत्री: ओवैसी :** वहीं, अखिल भारतीय मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को कहा कि हिजाब पहनने वाली लड़की भविष्य में भारत की प्रधानमंत्री बनेगी। ओवैसी ने कहा, ''इंशाअल्लाह एक हिजाब पहनने वाली लड़की मेरे जीवित रहते में या मेरे जीवन के बाद भारत की प्रधानमंत्री बनेगी।'' उन्होंने यह टिप्पणी तब की जब उनसे भारत मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने को लेकर उठे विवाद पर सवाल किया गया।

आपको बता दें कि कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम और शशि थरूर ने सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने के बाद उम्मीद जतायी थी कि भारत अल्पसंख्यकों से किसी व्यक्ति को शीर्ष पद पर चुनने के लिए ब्रिटेन का का अनुसरण करेगा। चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा था, ''पहले कमला हैरिस, अब ऋषि सुनक। अमेरिका और ब्रिटेन के लोगों ने अपने देशों के गैर-बहुसंख्यक नागरिकों को गले लगा लिया है और उन्हें सरकार में उच्च पद के लिए चुना है। मुझे लगता है कि भारत और बहुसंख्यकवाद का पालन करने वाली पार्टियों को सबक लेना चाहिए।''

# अमित शाह ने फरीदाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया

## बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जोड़ी ने हरियाणा को नंबर वन बनाने का काम किया

**• जालंधर ब्रीज.अंबाला**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरूवार को हरियाणा के फरीदाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शाह ने एक जन उत्थान रैली को भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले 8 सालों में राज्य में चहुंमुखी विकास कर इसे बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा भारत के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है और इसी फरीदाबाद की भूमि पर संत सूरदास ने जन्म लिया है। अमित शाह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में 8 साल पूरे करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगभग 6,629 करोड़ रूपयों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और उद्घाटन यहां हुआ है।

अमित शाह ने कहा कि 5,600 करोड़ रूपयों से अधिक की लागत वाले हरियाणा ऑर्बिटल कॉरिडोर परियोजना का शिलान्यास भी आज यहां हुआ है। इसके अलावा सोनीपत में 590 करोड़ रूपयों का रेल कोच नवीनीकरण कारखाने का उद्घाटन भी हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत के आह्वान के तहत वंदे



भारत ट्रेन का निर्माण भी सोनीपत में होने जा रहा है। शाह ने कहा कि 315 करोड़ रूपयों की लागत से रोहतक में सबसे लंबे एलीवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन होने जा रहा है और ये ट्रैक आने वाले दिनों में भारत के शहरी विकास के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भोंडसी में पुलिस आवासीय परिसर में लगभग 576 पुलिस परिवारों को आज अपना घर मिलने जा रहा है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा में वर्तमान सरकार से पहले के 8 साल याद करें तो पता चलता है कि एक सरकार के राज में भ्रष्टाचार बढ़ता था तो दूसरी सरकार के राज में गुंडागर्दी बढ़ती थी। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को समाप्त कर हरियाणा को सुरक्षित बनाने का काम किया है। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर जी ने सभी वर्गों और पूरे हरियाणा की चिंता की है। गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से केंद्र सरकार और राज्य सरकार की 127 योजनाओं के 56,257 करोड़ रुपये सीधे बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने का काम किया है। साथ ही पिछले 8 साल में 98,000 लोगों को पूरी पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरी देने का काम किया है। हरियाणा सरकार ने ट्रांसफर इंडस्ट्री के भ्रष्टाचार पर भी रोक लगाने का काम किया है। मनोहर खट्टर के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश में 17 नए राष्ट्रीय राजमार्ग बने हैं और हरियाणा देश में एकमात्र राज्य ऐसा है जो एमएसपी पर 14 फसलों की खरीद करता है।

# प्रिटिंग और स्टेशनरी विभाग में खाली हुए पद तुरंत भरने के आदेश



**• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़/ एसएएस नगर**

प्रिटिंग और स्टेशनरी विभाग में खाली पद भरने के लिए पुनर्गठन की प्रक्रिया जल्द मुकम्मल कर इन पदों पर भर्ती की जाएगी। यह बात प्रिटिंग और स्टेशनरी मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने आज सरकारी प्रैस के दौरे के मौके पर कही।

मीत हेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व अधीन राज्य सरकार द्वारा सरकारी विभागों को मज़बूत करने के निर्देशों के अंतर्गत सरकारी प्रैस को समय का साथी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पदों का सृजन करने के बाद नवीनीकरण किया जाएगा, जिसके अंतर्गत अनावश्यक सामान का निपटारा कर अति-आधुनिक मशीनें खरीदी जा रही हैं। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि पदों पर भर्ती और अपेक्षित नई मशीनरी स्थापित करने का काम जल्द मुकम्मल कर लिया जाए।

मीत हेयर ने सरकारी प्रैस का दौरा कर विभाग के कामकाज की समीक्षा की और मशीनें देखीं। उन्होंने अलग-अलग शाखाओं का दौरा कर कार्य संबंधी जानकारी हासिल की। उन्होंने स्टाफ को कहा कि सरकारी प्रैस को समय का साथी बनाने के लिए काम किए जाएँ। इस मौके पर प्रमुख सचिव वी.के. मीना, विशेष सचिव डॉ. सेनू दुग्गल और कंट्रोलर विम्मी भुल्लर भी उपस्थित थे।

## विजीलैंस द्वारा दाना मंडियों में टैंडरों में एक और घोटाले का पर्दाफाश

# फ़िरोज़पुर के 3 ठेकेदारों के ख़िलाफ़ मामला दर्ज, एक गिरफ्तार

**• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने फ़िरोज़पुर जिले में मिलीभगत के साथ ठेकेदारों द्वारा अनाज मंडियों में गेहूँ की ढुलाई के लिए लेबर कारटेज और ट्रांसपोर्ट टैंडरों में धोखाधड़ी के एक और घोटाले का पर्दाफाश किया है।

इस सम्बन्धी तीन ठेकेदारों/निविदाकारों दविन्दर सिंह निवासी फरीदकोट, तलवंडी भाई के निवासी दविन्दरपाल और गुरूशक्ति के ख़िलाफ़ विजीलैंस ब्यूरो के थाना फ़िरोज़पुर में धोखाधड़ी और गबन कर सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुँचाने के दोष अधीन केस दर्ज किया है। इस मामले में विजीलैंस ब्यूरो ने ठेकेदार दविन्दर सिंह निवासी नन्देआना गेट, फरीदकोट को गिरफ्तार किया है।

विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि ब्यूरो ने फ़िरोज़पुर और ममदोट की अनाज मंडियों में हुई इस धोखाधड़ी की जांच करने के उपरांत उक्त मुलजिम ठेकेदारों के ख़िलाफ़ थाना विजीलैंस, फ़िरोज़पुर में मामला दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-2023 के दौरान उपरोक्त दाना मंडियों में गेहूँ/स्टॉक संबंधी लेबर कार्टेज और ढुलाई के टैंडरों के दौरान उपरोक्त ठेकेदारों ने माल की ढुलाई के लिए वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबरों संबंधी टैंडर भरने पर समय-सूचियाँ संलग्न की थीं, जिनकी विजीलैंस ब्यूरो द्वारा सम्बन्धित ज़िला ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी द्वारा सत्यापित करवाई गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि इन सूचियों में मोटर साइकिलों, जीपों, ट्रैक्टरों आदि कई ग़ैर-प्रमाणित वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर संलग्न किए गए थे, जबकि ऐसे वाहनों पर अनाज की ढुलाई नहीं की जा सकती थी।

पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई है कि दोषी ठेकेदारों द्वारा गेट पास में दिखाए गए नकली वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबरों और अनाज की मात्रा के विवरणों के कारण यह मामला पहली नज़र में इन गेट के पास में दिखाई गई नकली रिपोर्टों और गबन का लगता है। उन्होंने बताया कि विभाग के सम्बन्धित कर्मचारियों ने उक्त ठेकेदारों को इन नकली गेट पासों को सत्यापित किए बिना उनके द्वारा किए कार्यों की अदायगी भी कर दी।

### सहकारी बैंक के साथ धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई गई मुहिम के दौरान गुरूवार को एक प्राईवेट व्यक्ति जगजीत सिंह निवासी गाँव धूलका, ज़िला अमृतसर को बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से केंद्रीय सहकारी बैंक तरसिक्का में 9,75,771 रुपए का गबन करने के दोष में गिरफ्तार किया गया है। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त मुलजिम ने बैंक मैनेजर राकेश कुमार, केशियर राम किशोर और सचिव कुलवंत सिंह के साथ मिलीभगत करके उक्त रकम उसके अन्य बैंकों के निजी खातों में ट्रांसफर करने के उपरांत निकलवा लिए, जबकि सहकारी बैंक किसान क्रेडिट कार्ड के ऑफ-लाईन खाते से ऐसी रकम अन्य बैंकों के खातों में ट्रांसफर नहीं कर सकता। विजीलैंस ब्यूरो द्वारा की गई पड़ताल के दौरान यह पाया गया कि उपरोक्त मुलजिम बैंक अधिकारियों ने दोषी जगजीत सिंह के साथ मिलीभगत करके 51,94,900 रुपए गहिरी मंडी, अमृतसर के अन्य बैंकों में ट्रांसफर किए थे। इस मामले में सात मुलजिम पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# जौड़ामाजरा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न विकास कार्यों का जायज़ा

**• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**



पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा की अध्यक्षता अधीन पंजाब भवन चंडीगढ़ में राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान विभाग में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायज़ा लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जौड़ामाजरा ने अधिकारियों को सक्रिय रहने और सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय के अनुसार पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी काम को पूरा करने में किसी भी तरह की ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गलती करने वाले अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने के लिए जौड़ामाजरा ने अधिकारियों को आदेश दिए कि वह पंजाब की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को उनके मेडिकल उपकरणों की जानकारी मुहैया करवाने के साथ-साथ किसी भी नए उपकरण की ज़रूरत या मरम्मत संबंधी अवगत करवाने सम्बन्धी निर्देश दें, क्योंकि इस सम्बन्धी बजट में उपबंध किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने पंजाब की स्वास्थ्य संस्थाओं में खराब या इस्तेमाल में ना आने वाले उपकरणों का निपटारा करने की कार्यवाही अमल में लाने के लिए कहा, जिससे अस्पतालों में जगह खाली हो सके।

जौड़ामाजरा ने बताया कि पंजाब के सरकारी अस्पतालों में 25 जन औषधि स्टोर पहले ही किफ़ायती दरों पर दवाएँ मुहैया करवाने के लिए कार्यशील हैं और लोगों की सुविधा के लिए ऐसे 14 और स्टोर खोलने की योजना है। मंत्री ने अलग-अलग कर्मचारी संगठनों की शिकायतों संबंधी भी विचार-विमर्श किया और अधिकारियों को उनकी जायज माँगों को पूरा करने के निर्देश दिए और कर्मचारियों के हित के लिए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को कर्मचारियों के मेडिकल बिलों की अदायगी सम्बन्धी किसी भी बकाया मामले को निपटाने के लिए भी कहा।

# एकजुटता के साथ काम करें सभी विभागों के अधिकारी : राज कमल चौधरी

**• प्रमुख सचिव खेल व युवक सेवाएं विभाग व जिले के प्रभारी सचिव ने अलग-अलग विभागों के कामकाज की समीक्षा की**

**• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर**




प्रमुख सचिव (खेल एवं युवक सेवाएं विभाग) व जिले के प्रभारी सचिव राज कमल चौधरी ने आज जिला प्रशासकीय कांप्लेक्स में धान की खरीद, आम आदमी क्लीनिकों के कामकाज, सेवा केंद्रों के कामकाज, पराली जलाने की रोकथाम, चल रहे विकास कार्यों व राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण संबंधी विषयों पर अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को एकजुटता के साथ काम करने और फील्ड दौरे करने की हिदायत भी दी। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी कमिश्नर संदीप हंस व अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(विकास) दरबारा सिंह भी मौजूद थे।

प्रमुख सचिव ने धान की खरीद संबंधी जिला अधिकारियों व अलग-अलग खरीद एजेंसियों को निर्विघ्न खरीद संबंधी निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि मंडियों में प्रबंधों को लेकर किसी तरह की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए ताकि किसानों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने अलग-अलग खरीद एजेंसियों की ओर से की गई खरीद की समीक्षा करते हुए लिफ्टिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। यह यकीनी बनाया जाए कि पंजाब सरकार के निर्देशानुसार फसल की खरीद के साथ-साथ किसान को अदायगी करने में किसी किस्म की देरी न हो। प्रमुख सचिव ने इस दौरान आम आदमी क्लीनिकों में दी जाने वाली सेवाओं का रिव्यू किया व सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि आम आदमी क्लीनिकों में उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाओं को समय-समय पर वे स्वंय चैक करें। पराली जलाने की रोकथाम को लेकर उन्होंने कृषि विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को उचित कार्रवाई की हिदायत दी।

# लिंग आधारित हिंसा रोकने के लिए जमीनी स्तर पर सखी-वन स्टॉप सेंटरों के संबंध में जागरूकता पैदा की जाएगी : डॉ. बलजीत कौर

## दिव्यांग महिलाओं के खिलाफ हिंसा एवं शोषण रोकने के लिए विशेष उपाय करने पर दिया जोर

**• जालंधर ब्रीज.जालंधर**



पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने गुरूवार को कहा कि लिंग आधारित हिंसा को रोकने और हिंसा की शिकार महिलाओं के हितों की रक्षा करने और उन्हें समर्थन देने के लिए राज्य भर में चल रहे सखी-वन स्टॉप सेंटरों के बारे में जमीनी स्तर पर जागरूकता पैदा की जाएगी ताकि प्रत्येक वर्ग विशेषकर कमजोर, अनपढ़, कम पढी लिखी, कामकाजी महिलाओं को उनकी सुरक्षा और अस्तित्व को और मजबूत किया जा सके। लिंग आधारित हिंसा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता वर्कशाप और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समापन पर एक स्थानीय होटल में संयुक्त राष्ट्र महिला के सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सखी वन स्टॉप में घरेलू हिंसा, तेजाब हमलों या किसी भी प्रकार की हिंसा की शिकार महिलाओं को एक छत के नीचे दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में व्यापक स्तर जागरूकता पैदा करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिसमें मुफ्त मैडीकल सहायता, पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श सहित अस्थायी आश्रय शामिल हैं। जिसमें घर-घर जाकर इस संबंध में जागरूकता पैदा कर लिंग आधारित हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए सोशल मीडिया की मदद ली जाएगी। स्कूलों में यौन शिक्षा देने की वकालत करते हुए डा. बलजीत कौर ने कहा कि यह पहल लड़कियों को यौन हिंसा और शोषण से बचाने में मददगार साबित हो सकती है।

इस मौके पर डिप्टी कमिशनर जसप्रीत सिंह, एसडीएम जै इंदर सिंह, एसडीएम बलबीर राज सिंह, जिला प्रोग्राम अधिकारी इंद्रजीत कौर, यूएन महिला उपदेशीय प्रतिनिधि कांता सिंह, जालंधर, कपूरथला, होशियारपुर, शहीद भगत सिंह नगर आदि के डीपीओ व वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारी मौजूद थे।

### 90,248 मृतक लाभार्थियों की पहचान से पंजाब सरकार के खजाने को पहुंचा लाभ

**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़ :** बुज़ुर्गों, विधवाओं, आश्रित बच्चों और दिव्यांगजनों की पेंशन सम्बन्धी पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री डॉ. बलजीत कौर के आदेशों पर हुए सर्वे से 90,248 लाभार्थियों की पहचान से प्रति माह सरकार को 13.53 करोड़ की बचत होगी। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब के 30.46 लाख लाभार्थियों का सर्वे करवाया गया है। इस सर्वे के मुकम्मल होने पर 90,248 मृतक लाभार्थियों की पहचान हुई है। मृतक लाभार्थियों की पहचान से सरकार को प्रति माह 13.53 करोड़ और सालाना 162.36 करोड़ रुपए की बचत होगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि 90,248 मृतक लाभार्थियों की पहचान से जहाँ सरकार का वित्तीय नुकसान होने से बचा है, बल्कि इस राशि से अन्य जरूरतमंद लोगों की सहायता की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि लाभार्थियों को पेंशन की अदायगी करने के लिए इलैक्ट्रॉनिक्स बैनीफिट ट्रांसफर (ई.बी.टी) स्कीम लागू की जाएगी, बैंक द्वारा तैनात बिजनेस कॉर्सपोंडैंस के द्वारा लाभार्थियों को पेंशन वितरित की जाएगी।

# नीदरलैंड के खिलाफ टीम इंडिया की बड़ी जीत



• फोटो–बीसीसीआई


**मुंबई.** केएल राहुल के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच अच्छी साझेदारी हुई। रोहित शर्मा अर्धशतक जमाने के बाद आउट हुए जबकि विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को 179 रन तक पहुंचाया। जवाब में नीदरलैंड की टीम 123 रन ही बना सकी। नीदरलैंड को पहला झटका भुवनेश्वर कुमार ने दिया जब उन्होंने विक्रमजीत सिंह को बोल्ड किया। उस वक्त नीदरलैंड का स्कोर 11 था। टी20 विश्व कप 2022 के ग्रुप 2 के मुकाबले में टीम इंडिया ने आज नीदरलैंड को 56 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने विराट कोहली, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव की अर्धशतक की मदद से नीदरलैंड के सामने 179 रन बनाए थे। जीत के लिए नीदरलैंड को 180 रन बनाने थे लेकिन नीदरलैंड की टीम 9 विकेट खोकर 123 रन ही बना सकी। इसके साथ ही इस जीत के बाद भारतीय टीम ग्रुप 2 में टॉप पर पहुंच गई है। भारत के पास फिलहाल 4 अंक है। दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका की टीम है जिसे 3 अंक हासिल है। आज के मुकाबले की बात करें तो टॉस कप्तान रोहित शर्मा ने जीता था और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और केएल राहुल काफी कम स्कोर पर आउट हो गए थे।

केएल राहुल के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच अच्छी साझेदारी हुई। कप्तान रोहित ने 39 गेंद में 53 रन बनाकर भारतीय पारी की दिशा तय की जबकि कोहली ने 44 गेंद में नाबाद 62 रन बनाये। कोहली ने दूसरे विकेट के लिये रोहित के साथ 73 और तीसरे विकेट की अटूट साझेदारी में सूर्य के साथ 95 रन जोड़े। दस ओवर के बाद भारत का स्कोर एक विकेट पर 67 रन था जिसके बाद सूर्य ने आकर डच गेंदबाजों को आतंकित कर दिया। अगले दस ओवर में भारत ने 112 रन बनाये। सूर्य ने एक्स्ट्रा कवर और डीप फाइन लेग में कुछ शानदार शॉट्स खेले। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया।

# 'कर्मचारी की मृत्यु के बाद परिवार को तुरंत मिले लाभ'

**• जालंधर ब्रीज.कपूरथला**

डीसी विशेष सांरगल ने सभी विभागों को आदेश जारी करते हुए कहा है कि सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके परिवार को सेवा



और वित्तीय लाभ तुरंत दिए जाए। डिप्टी कमिशनर ने आदेशों में कहा है कि विभागों की तरफ से दिए जाने वाले लाभ के लिए मृतक कर्मचारी का निर्भरता सर्टीफिकेट जारी करने के लिए इस दफ्तर को लिखा जा रहा है जिसके लिए परिवार को कई परेशानियों का सामना करना पडता है और कानूनी वारिसों की वैरीफीकेशन संबंधी आने वाली मुश्किलों के लिए सही कार्यविधि नहीं अपनाई जा रही। उन्होंने पंजाब सरकार की तरफ से सेवा नियमों का हवाला देते हुए कहा कि इस संबंधी सेवा और लाभ दिया जाना यकीनी बनाए जाए, क्योंकि इस प्रकार न होने पर परिवार को कई वित्तीय मुशिकलों का सामना करना पडता है और सरकार की तरफ से दिए निर्देशों को विभाग की तरफ से अमल में नहीं लाया जा रहा।

# राघव चड्ढा ने अबू धाबी में फंसे पंजाबियों को बचाने के लिए केंद्र से हस्तक्षेप की मांग की

**• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी(आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा



ने संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में फंसे पंजाब के करीब 100 अप्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और जल्द से जल्द निकालने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखा है। विदेश मंत्री को लिखे पत्र में, सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि अबू धाबी में एक निजी फर्म, स्क्वायर जनरल कॉन्ट्रैक्टिंग कंपनी में काम करने वाले पंजाब के लगभग 100 मूल निवासी बिना पासपोर्ट के फंसे हुए हैं, क्योंकि उक्त फर्म ने उनके ठेके कथित तौर पर समाप्त कर दिया है।

उन्होंने कहा कि इसके कारण पंजाबी कामगार ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद भारत नहीं लौट पा रहे हैं। जबकि उनके परिवार उनके टिकट की व्यवस्था करने को तैयार हैं। आप के वरिष्ठ नेता ने अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री से कहा, "मैं इस मामले में आपके तत्काल हस्तक्षेप और दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास को निर्देश जारी करने का अनुरोध करता हूं कि वे फंसे हुए व्यक्तियों के साथ संपर्क स्थापित करें ताकि उनकी जल्द भारत वापसी की व्यवस्था की जा सके।"

सांसद ने एक ट्वीट में लिखा, "मैंने विदेश मंत्री को पत्र लिखकर अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में फंसे पंजाब के अप्रवासी श्रमिकों के एक समूह के प्रत्यावर्तन में उनके तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया। हम अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.